छात्रों को बेहतर इंसान बनाना है विवि का मकसद : प्रो. ओंकार सिंह

हल्द्वानी। आम्रपाली संस्थान में मंगलवार को विमर्श 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।

उन्होंने कहा कि विवि का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए उचित पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने और उन्हें भविष्य में एक बेहतर इंसान बनाने पर जोर देना है। इस दौरान सचिव नरेंद्र ढींगरा, डॉ. सजना तिवारी, डॉ. एमके शर्मा, प्रो. एसके सिंह मौजूद रहे। संवाद